भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **722**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**उर्वरकों की कमी की शिकायतें**

**722. श्री मुरारी लाल मीना:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान दौसा जिले सहित राजस्थान में किसानों को उपलब्ध कराए गए यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों की कुल मात्रा क्या है;
(ख) क्या सरकार को डीएपी और कीटनाशकों की कमी के संबंध में राजस्थान के किसानों से कोई शिकायत प्राप्त हुई है;
(ग) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान प्राप्त हुई इस प्रकार की शिकायतों की संख्या क्या है और इसके कारण प्रभावित हुए क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) किसानों को समय पर उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध कराने और उक्त कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

<u>**उत्तर**</u>

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क):** पिछले पांच वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य को उपलब्ध कराई गई यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों की कुल मात्रा निम्नानुसार है -

*<आंकड़े एलएमटी में>*

| **वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक राजस्थान राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वित्तीय वर्ष** | **यूरिया** | **डीएपी** | **एमओपी** | **एनपीकेएस** |
| 2023-24 | 29.23 | 9.80 | 0.20 | 1.40 |
| 2022-23 | 27.91 | 9.70 | 0.18 | 0.85 |
| 2021-22 | 25.43 | 6.59 | 0.31 | 1.23 |
| 2020-21 | 25.78 | 9.72 | 0.46 | 0.76 |
| 2019-20 | 26.47 | 10.54 | 0.46 | 1.01 |

इसके अलावा, राजस्थान राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान दौसा जिले, राजस्थान में उपलब्ध कराई गई उर्वरकों की मात्रा निम्नानुसार है -

*<आंकड़े मीट्रिक टन में>*

| **वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक जिला दौसा, राजस्थान में उर्वरकों की उपलब्धता** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वित्तीय वर्ष** | **यूरिया** | **डीएपी** | **एमओपी** | **एनपीकेएस** |
| 2023-24 | 62,739 | 16,791 | 122 | 3,007 |
| 2022-23 | 63,699 | 15,627 | 289 | 2,690 |
| 2021-22 | 47,918 | 12,216 | 323 | 1,959 |
| 2020-21 | 50,026 | 14,855 | 286 | 1,303 |
| 2019-20 | 55,687 | 17,337 | 325 | 1,390 |

**(ख) और (ग):** जैसा कि उपर्युक्त तालिका में बिंदु (क) में दर्शाया गया है,उर्वरक विभाग ने राजस्थान राज्य को डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है। इसके अतिरिक्त, राजस्थान राज्य सरकार ने राज्य में कीटनाशकों की पर्याप्त उपलब्धता की सूचना दी है।

**(घ):** सरकार द्वारा प्रत्येक मौसम में देश में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

i. प्रत्येक फसल मौसम के प्रारंभ होने से पहले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएण्डएफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है।

ii. अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को उर्वरकों की यथेष्ट/पर्याप्त मात्रा का आवंटन करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

iii. देश भर में सब्सिडी प्राप्त सभी प्रमुख उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है;

iv. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) और उर्वरक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राज्य कृषि अधिकारियों के साथ नियमित साप्ताहिक वीडियो कांफ्रेंस की जाती है और राज्य सरकारों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उर्वरक भेजने की सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

v. उर्वरकों की मांग (आवश्यकता) तथा उत्पादन के बीच के अंतर को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है। समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु मौसम के लिए आयात को भी पहले से ही तय कर दिया जाता है।

राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार, उर्वरकों की उपलब्धता और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य द्वारा उर्वरक विनियामक कार्यबल का गठन किया गया है। इसके अलावा, वर्तमान में राज्य ने राजस्थान में कीटनाशकों की पर्याप्त उपलब्धता की सूचना दी है।

******